44 वर्ष | प्रथम अंक | अगस्त 2021

# प्रतियोगिता दर्पण

हिन्दी मासिक

514 वाँ सफलतम अंक

## इस अंक में...


7 सम्पादकीय

9 राष्ट्रीय घटनाक्रम

14 अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रम

21 आर्थिक वाणिज्यिक परिदृश्य

32 नवीनतम सामान्य ज्ञान

37 रोजगार समाचार

38 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी


### फोकस


40 (i) डिजिटल भारत के 6 वर्ष : सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवाओं में ऊँची छलांग

43 (ii) भारत में विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति : संयुक्त जिला शिक्षा सूचना प्रणाली प्लस (यूडीआईएसई+) 2019-20 रिपोर्ट

46 (iii) ब्लैंक चेक कम्पनियाँ : भविष्य और चुनौतियाँ

48 अनुप्रेरक युवा प्रतिभाएं


### विविधा





57 स्मरणीय तथ्य

60 विश्व परिदृश्य

64 वर्तमान में चर्चित विभिन्न अवधारणाएं


### लेख




67 सामयिक लेख—(i) ब्लैक फंगस (म्यूकोरमाइकोसिस) का बढ़ता खतरा : वर्तमान चुनौतियाँ एवं सुझाव

69 (ii) वंदे भारत मिशन : कोरोना संकट में भारतीयों की वापसी का बड़ा अभियान

71 धरोहर लेख—सारनाथ का ऐतिहासिक महत्व

73 द्विपक्षीय सम्बन्ध—प्रधानमंत्री मोदी की बांग्लादेश यात्रा : मतुआ समुदाय एवं मन्दिरों पर राजनीति

74 चिकित्सीय लेख—टीकाकरण से कोविड-19 निदान की ओर

76 पर्यावरण लेख—नम भूमि (आर्द्र भूमि) क्षेत्र (Wet-land Zone)

78 भू-लेख—मृदा अपरदन तथा उसका संरक्षण

81 स्वास्थ्य लेख—नए अनुसंधानों ने दुनिया को शाकाहारी बनने के दिए अचूक मंत्र

83 भविष्योन्मुख बजट—जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हरित बजट

85 शिक्षा लेख—राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए विद्यालयी शिक्षा के क्षेत्र में निष्पादन श्रेणीकरण सूचकांक (परफॉरमेंस ग्रेडिंग इंडेक्स-पीजीआई) 2019-20

88 कृषि लेख—पर्यावरण सुरक्षा हेतु प्राकृतिक खेती

89 मध्य प्रदेश विशेष—मध्य प्रदेश : महत्वपूर्ण तथ्य 2021

93 सार संग्रह


### हल प्रश्न-पत्र


96 इग्नू बी.एड. प्रवेश परीक्षा, 2019

107 एस.एस.सी. केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल/दिल्ली पुलिस सब-इंस्पेक्टर्स तथा सीआईएसएफ असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर परीक्षा, 2020




## मॉडल हल


124 आगामी सिविल सर्विसेज प्रारम्भिक परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न

151 आगामी प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (T.G.T.) परीक्षा हेतु विशेष हल प्रश्न


## ऐच्छिक विषय


140 इतिहास
यू.जी.सी.–नेट/जे.आर.एफ. परीक्षा, 2020





164 तर्कशक्ति
नाबार्ड ग्रेड–बी ऑफीसर परीक्षा, 2017




## वस्तुनिष्ठ सामान्य ज्ञान



135 समसामयिक वस्तुनिष्ठ प्रश्न

138 उद्योग, व्यापार एवं बैंकिंग सचेतता




## ज्ञानार्जन के नवीन क्षितिज


161 वर्षांत समीक्षा 2020—नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई)


166 क्या आप जानते हैं ?

167 अपना ज्ञान बढ़ाइए


## श्रेष्ठतर प्रतिभागी


168 सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

171 प्रथम पुरस्कृत निबन्ध—राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की उपादेयता और प्रासंगिकता





173 निबन्ध प्रतियोगिता क्रमांक—503 का परिणाम

174 खेलकूद





181 वार्षिकी



प्रतियोगिता दर्पण में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है. –सम्पादक

सम्पादकीय



# लघुत्व में महत्व की अनुभूति कीजिए

*अंधकार को कोसने से बेहतर है कि हम एक दीप जलाएं.*

**– चीनी कहावत**

उसके घर के चारों ओर गन्दगी का साम्राज्य था. उसके कारण मकान का अधिकांश बाह्य भाग दब गया था. इस दृश्य को देखकर ऐसा लगता है कि मध्यकालीन सेना ने किसी किले के चारों ओर घेरा डाल दिया हो.

दीवालों के पीछे वाली जमीन चिकनाई के कारण गन्दी हो रही थी, खिड़कियों में तिलचट्टे आदि कीड़े भर रहे थे, बल्बों पर धूल छा रही थी, बल्बों का मन्द प्रकाश हवाई हमले के समय हो जाने वाले Black out—गुप्प अन्धकार का स्मरण करा रहा था.

कमरे में एक युवती तथा उसकी माता बैठी हुई थीं. दोनों गौरवर्ण सुन्दरियाँ थीं, परन्तु उस सर्वग्रासी गन्दगी की ओर एक का भी ध्यान नहीं जा रहा था. इतने में ही उनके एक सम्बन्धी आए और चारों ओर दृष्टि फेरकर बोले—बड़ी लालटेन की तरह चमक रही है और छोटी मोमबत्ती बनी हुई टिमटिमा रही है. इतना प्रकाश होने पर भी एक को भी गंदगी का अनुभव नहीं हो रहा है. कहते हैं कि एक छोटी-सी मोमबत्ती गहन अन्धकार को नष्ट कर देती है, परन्तु यहाँ तो प्रकाश होने पर भी अन्धकार का वातावरण बना हुआ है. ''ये दोनों नारियाँ बैठी-बैठी स्वप्न देख रही हैं—लालटेन जैसी नारी बड़े स्वप्न देखती है, मोमबत्ती जैसी नारी छोटे स्वप्न देखती है. उनको सार्थक करने का प्रयास कोई नहीं करती है''—यह बात एक कुली ने कही, जो उक्त दोनों नारियों को और उनके परिवार को बड़े वर्षों से जानता था.

उक्त कथन पूरे भवन में गूँज उठे. वे दोनों नारियों के प्रेरणा-स्रोत बन गए. दोनों उठ बैठीं. वे कमरे की सफाई करने में लग गईं. बड़ी ने बाहरी भाग को साफ करके अपना लालटेन रूप सार्थक किया और छोटी ने भीतर की गन्दगी निकाली और टिम-टिमाकर देखने वालों को बता दिया कि मैं भीतर के अन्धकार की रखवाली कर रही हूँ, क्योंकि इस समय बिजली कटौती का शिकार हो गई है. बाहर की सफाई यह घोषणा कर रही थी कि शत्रु द्वारा डाला गया घेरा समाप्त हो गया है, निराश होकर शत्रु अपनी राजधानी की ओर चला जा रहा है.

नारियों को प्रेरित करने वाला कुली कोई व्यक्ति न होकर उनका मन था और यदि कुली को व्यक्ति ही मान लिया जाए, तो हम कह सकते हैं कि अच्छे कार्य के लिए, अपनी सामर्थ्य का उपयोग करने की प्रेरणा हमें लघुत्तम व्यक्ति द्वारा प्राप्त हो सकती है.